p>

Title: Need to improve irrigation system and construct new water reservoirs in Purulia Parliamentary Constituency, West Bengal.

श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो (पुरूलिया): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मैं पश्चिम बंगाल के पुरूलिया संसदीय क्षेत्र से चुनकर आया हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र पुरूलिया तथा जंगलमहल की लगभग 85 प्रतिशत आबादी पशुपालन तथा कृषि पर निर्भर है । वहां की ज्यादातर कृषि भूमि ऊबड़-खाबड़ होने के कारण, वहां बारिश का पानी नहीं रुक पाता है । जो वहां पहले से डैम है, उसमें मिट्टी जम जाने के कारण वहां पानी रुकने की क्षमता घट गई है, जिसका सीधा असर कृषि व्यवस्था पर पड़ रहा है । महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि वहां की सिंचाई तथा पेयजल की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए और वहां पहले से स्थापित डैम और जलाशयों को पुनर्जीवित किया जाए तथा साथ ही नए जलाशयों के निर्माण की व्यवस्था की जाए । महोदय, आपने मुझे मौका दिया इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।